## खबर संक्षेप

### तालाब से नवजात शिशु का शव बरामद

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा सदर थाना पुलिस के अंतर्गत गांव स्याणा सैदां के तालाब से नवजात शिशु का शव बरामद हुआ है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि शव करीब चार-पांच दिन पुराना है और पानी में होने के कारण वह गल चुका था। नवजात के कई अंग भी गायब थे। पुलिस ने नवजात का पोस्टमार्टम करवाकर उसे संस्कार के लिए सामाजिक संस्था के हवाले कर दिया है। पुलिस के मुताबिक गांव स्याणा सैदां के कुछ लोग रात के समय तालाब की तरफ गए थे। यहां उनको तालाब में झाड़ियों के अंदर कोई शव पड़ा दिखाई दिया। मोबाइल की लाइट जलाकर देखा तो वह किसी नवजात का शव था। उन्होंने तुरंत गांव के सरपंच और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस गांव में पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस की शुरूआत जांच में सामने आया कि शव करीब चार-पांच दिन पुराना है। पानी में क्षत-विक्षित हो चुका था।

### पति-पत्नी के झगड़े में आपस में भिड़े 4 वाहन

**करनाल।** दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर रविवार शाम को एक बड़ा हादसा होते-होते बचा, लेकिन पति-पत्नी के आपसी विवाद ने हाईवे पर घंटों तक अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। शामगढ़ के पास हुए इस झगड़े के बाद एक महिला अचानक हाईवे के बीचों-बीच दौड़ने लगी, जिसे बचाने के प्रयास में एक के बाद एक 4 वाहन आपस में टकरा गए। ईआरवी ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

मौके पर तैनात पुलिसकर्मी सोनू ने बताया कि झगड़े के बाद महिला दोनों तरफ का हाईवे पार करने की कोशिश कर रही थी। उसे बचाने के लिए जब चालकों ने अचानक ब्रेक लगाए, तो गाड़ियों का संतुलन बिगड़ गया और दिल्ली-चंडीगढ़ व चंडीगढ़-दिल्ली दोनों लेनों में दो-दो गाड़ियाँ आपस में भिड़ गईं। इस हादसे में कार सवार एक महिला घायल हो गई, जिसे पुलिस की डायल 112 की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

### पिकअप ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, बच्ची की मौत

**कुरुक्षेत्र।** सदर थाना पुलिस के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 44 पर पिपली पुल के समीप तेज



रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में 12 साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर-32 अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पिपली पुल के पास पिकअप चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए ई-रिक्शा के पीछे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा पलट गई। हादसे में 12 वर्षीय प्रांजल की मौत हो गई।

### अंबाला: नौकरी दिलाने के बहाने 21 वर्षीय युवती का अपहरण

- फाइल पर साइन कराने का झांसा देकर युवती को लेकर गया आरोपी
- पुलिस खंगाल रही है सीसीटीवी कैमरे

**अंबाला।** नौकरी दिलाने और झाड़-फूंक के बहाने 21 वर्षीय युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। सहारनपुर निवासी युवती को उसका परिचित युवक फाइल पर साइन कराने का झांसा देकर अंबाला कैंट के लाल कुर्ती चौक से अपने साथ ले गया और फरार हो गया।पीड़िता के भाई रोहित ने बताया कि 17 अप्रैल को आरोपी उनके घर आया था और झाड़-फूंक के साथ नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। 18 अप्रैल को वह उसकी बहन पूनम को बाइक पर अंबाला लाया। रात करीब 9 बजे लाल कुर्ती चौक पर आरोपी युवती को साथ ले गया और वापस नहीं लौटा।सूचना मिलते ही पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती की पहचान के आधार पर आसपास के थानों को अलर्ट किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

---

पूर्व उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त की शिकायत पर 4 के खिलाफ केस

# विजिलेंस के नाम पर झूठे केस में फंसा कर वसूली करने वाला रैकेट बेनकाब

- झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख की ठगी का आरोप, रिकॉर्डिंग व वीडियो सबूत पुलिस को सौंपे
- पिछले दो साल में कई अधिकारियों को बनाया निशाना, पुलिस ने जांच शुरू की




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में सरकारी अधिकारियों को झूठे केस में विजिलेंस में फंसा कर उनसे लाखों रुपए की मोटी रकम ऐंठने के एक रैकेट सामने आया है। इस संबंध में चीका पुलिस ने चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला कैथल के पूर्व उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त डॉ. दिनेश काजल की शिकायत पर दर्ज किया गया है। डा. दिनेश काजल ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 दिसंबर 2024 को आबकारी एवं कराधान कार्यालय कैथल से तहसीलदार गुहला को उनके द्वारा एक पत्र भेजा गया था जिसमें वर्ष 2019-20 के एक एक लाइसेंसी ठेकेदार धर्मपाल एंड कंपनी से विभाग को करीब 7 करोड़ 80 लाख रुपये की बकाया वसूली को लेकर उसके गारंटर रिशिपाल निवासी गुहला की भूमि को अटैक करते हुए सरकार के पक्ष में राजस्व करवाने के आदेश दिए गए थे। यह पूरी कार्यवाही विभागीय नियमानुसार की गई थी।

इसके बाद शिकायतकर्ता द्वारा उसके खिलाफ प्रतिशोध की भावना से 29 जनवरी 2025 को एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला में एफआइआर नंबर तीन दर्ज करवा दी तथा टीम द्वारा उसी दिन उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर लगाए गए सभी आरोप निराधार एवं तथ्यहीन है क्योंकि यह शिकायत दुर्भावनावस की गई थी। उसने बताया कि जमानत पर आने के बाद उसने 8 जुलाई 2024 को जेल में उसके साथ बंद एक व्यक्ति पीटर उसके संपर्क में आया। पीटर ने उसे बताया कि रिशिपाल और गुरविंदर उससे बातचीत करना चाहते हैं। इस पर उसने बातचीत करने से इनकार कर दिया तथा कहा कि यदि कोई बात करनी है तो वे उसके दोस्त विजेंद्र से कर सकते हैं। करीब एक दर्जन से अधिक अधिकारियों को बनाया शिकार

इसके बाद पीटर एवं विजेंद्र की बातचीत रिशिपाल और गुरविंदर से हुई। विजेंद्र सिंह ने उसे बताया कि इन व्यक्तियों द्वारा एक आपराधिक मांग रखी गई है जिसमें आप द्वारा जो भूमि अटैक की गई थी उसको छुड़वाने के बदले मुझसे 5 लाख की मांग की गई है। आरोपियों द्वारा उसके ऊपर दबाव बनाया गया। इसके अलावा उसे 500000 की अवैध वसूली पहले ही की जा चुकी है। उसने बताया कि उसे पता चला है कि आरोपी रविंदर अरोड़ा उर्फ जंगी, रिशिपाल, गुरविंदर, पीटर तथा अन्य कुछ व्यक्ति का आसपास के क्षेत्र में सरकारी अधिकारियों को विजिलेंस में फंसा कर ब्लैकमेल करने का रैकेट चला रहे हैं। पिछले दो वर्षों से इन व्यक्तियों द्वारा करीब एक दर्जन से अधिक अधिकारियों को इसी तरीके से झूठे केस में फंसाया गया। इनका उद्देश्य केवल उनसे ब्लैकमेलिंग करते हुए राशि ऐंठना है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके द्वारा पुलिस को रिकॉर्डिंग तथा वीडियो भी उपलब्ध करवाई गई है।

#### की जा रही जांच

> पुलिस ने रविंदर अरोड़ा उर्फ जंगी, रिशिपाल, गुरविंदर, पीटर व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।
> -प्रभात सहायक उप निरीक्षक एवं जांच अधिकारी चीका थाना

### ट्रेडिंग के नाम पर 4.43 करोड़ की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर लगभग 4.43 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो



आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में खाता ऑपरेटर रोहित निवासी बडौली मोहाली हाल निवासी जीरकपुर पंजाब को 16 अप्रैल को अंबाला से गिरफ्तार कर 3 दिन पुलिस रिमांड पर लिया था तथा खाता उपलब्ध करवाने वाले रवि रंजन निवासी पटना, बिहार हाल निवासी सेक्टर-44 चंडीगढ़ को 18 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। 24 अक्टूबर 2025 को सेक्टर-9 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसकी एक डेटिंग वेबसाइट के माध्यम से एक युवती से जान-पहचान हुई। इसके बाद व्हाट्सएप कॉल के जरिए दोनों के बीच बातचीत होने लगी। युवती ने उसे फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया। ठगों द्वारा उसका अकाउंट वेबसाइट पर बनवाया गया। उसने अप्रैल से जून 2025 के बीच विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 4,43,68,974 रुपये निवेश कर दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

---





# युवक की हत्या पर करनाल कैथल हाइवे 5.30 घंटे जाम

*पिता बोले- गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे, सिर-छाती में गोली मारी थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निसिंग/करनाल

गांव गोंदर में शनिवार देर रात मर्डर केस में जमानत पर आए युवक सूरज की बेरहमी से हत्या के विरोध में रविवार को भारी तनाव रहा। परिजनों और ग्रामीणों ने दोपहर 12 बजे निसिंग के कैथल रोड स्थित गुरुद्वारा चौक पर सूरज का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। करीब साढ़े 5 घंटे तक हाईवे पूरी तरह बाधित रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

#### पॉइंट ब्लैंक रेंज से मारी गोलियां

वारदात शनिवार शाम करीब 6:20 बजे की है। सूरज अपनी बाइक पर गांव की गली से गुजर रहा था, तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे घेर लिया। बदमाशों ने उसके सिर और माथे पर पॉइंट ब्लैंक रेंज (बिल्कुल करीब) से फायरिंग की, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक के भाई शुभम ने गांव के ही गुरप्रीत, कुलदीप, अनुराग, विक्रम और मोनू सहित अन्य पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया है।

#### परिजनों की प्रमुख मांगें और आरोप

सूरज के पिता कर्मबीर ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 6 साल पहले हुई एक हत्या के मामले में शामिल बदमाशों को प्रशासन ने ही हथियारों के लाइसेंस दे रखे हैं। परिजनों ने ये मांगें रखीं।

- हत्यारोपियों का एनकाउंटर किया जाए।
- गांव में दहशत फैलाने वाले बदमाशों के हथियारों के लाइसेंस तुरंत रद्द किए जाएं।
- पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।
- कपिल मर्डर केस में जेल में बंद उनके पक्ष के युवकों को रिहा किया जाए।

#### एक आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने खुलवाया जाम

मौके पर पहुंचे डीएसपी गौरखपाल राणा और संदीप कुमार ने प्रदर्शनकारियों को शांत किया। डीएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया गया है और अदालत से उसका 4 दिन का रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया कि आरोपियों के हथियारों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे और अन्य मांगों पर प्रशासन नियमानुसार कार्रवाई कर रहा है। अधिकारियों के आश्वासन के बाद शाम को परिजनों ने जाम खोल दिया और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

---

# एनआईटी में छात्र आत्महत्या मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) में विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। एनआईटी के कार्यकारी डायरेक्टर प्रो. ब्रह्मजीत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सोशल मीडिया स्टूडेंट्स को अकेलेपन की तरफ ले जा रहा है। उनका अपने पेरेंट्स, फ्रेंड्स और टीचर से संवाद कम हो रहा है। इससे स्टूडेंट्स कमजोर हो रहे हैं। स्टूडेंट्स की समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। सबसे पहले हर छात्र को एक फैकल्टी मेंबर से जोड़ा गया है। वो फैकल्टी मेंबर उस छात्र से नियमित बात करेगा। अगर कोई समस्या है तो उसे समझने की कोशिश करेगा और उसे सुलझाएगा। स्टूडेंट्स की समस्याएं हल करने के लिए तीन कमेटियां बनाई गई है। पहली कमेटी में वार्डन रोज हॉस्टल जाते हैं और छात्रों से बात करते हैं। दूसरी कमेटी फैकल्टी को-ऑर्डिनेटर या मेंटरशिप की है। इसमें 20-25 छात्रों के साथ एक मेंटर जुड़ा है।

#### डीन स्टूडेंट वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष

एनआईटी में बच्चों के सुसाइड को देखते हुए जांच के लिए 5 मेंबरी कमेटी बनाई है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लीली दीवान इस कमेटी की अध्यक्ष हैं। साथ ही प्रो. जेके कपूर, प्रो. प्रवीण अग्रवाल, डॉ संदीप सिंघल और डॉ मनोज सिन्हा भी जांच कमेटी में शामिल है।

#### केंद्रीय टीम 23 अप्रैल को पहुंचेगी

एनआईटी में छात्र आत्महत्या मामले की जांच के लिए बनी कमेटी 23-24 अप्रैल को संस्थान का दौरा करेगी। इससे पहले 29 मार्च को केंद्रीय मंत्रालय ने एनआईटी डायरेक्टर प्रो. बीवी रमना रेड्डी की प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां छीन ली थीं। इसके बाद जांच कमेटी का गठन किया गया।

# हिसार एयरपोर्ट पर तैनात किया गया डॉग मैंडी




**हिसार।** पीएम मोदी के विमान की जांच कर चुके हरियाणा पुलिस के डॉग मैंडी (लेब्रा ब्रीड) को अब हिसार एयरपोर्ट पर तैनाम किया गया है। हरियाणा पुलिस का डॉग मैंडी (लेब्रा ब्रीड) उस समय चर्चा में आया, जब उसने पिछले वर्ष 25 नवबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमान की सुरक्षा जांची। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान मैंडी ने उनके हेलीकॉप्टर में पायलट द्वारा रखी गई शू-पालिश तक को ढूंढ निकाला था। उस समय से हरियाणा पुलिस का डॉग मैंडी चर्चा की विषय बना हुआ है। डॉग मैंडी अपनी बेहतरीन सूंघने की क्षमता के लिए जाना जाता है। हाल ही में लगभग 15 दिन पहले नागरपुर में हुई 69वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट (2025–26) में मैंडी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे भारत में सिल्वर मेडल जीता है। हरियाणा के इतिहास में पहली बार किसी डॉग ने यह उपलब्धि हासिल की है।

---

उच्च रिटर्न का लालच देकर बनाया शिकार

# क्रिप्टो निवेश के नाम पर 4.16 करोड़ की ठगी

- महीनों भरोसा जीतकर हड़पी रकम, आठ पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर शहर के तिलक नगर निवासी अश्वनी कुमार से चार करोड़ 16 लाख रुपए हड़प लिए गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आठ आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अश्वनी कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि प्रांशु दत्ता, उसके पिता रमेश दत्ता, संदीप दत्ता, दीक्षा दत्ता, अमित खेड़ा, हेमंत भटनागर, हरनेक सिंह और विनय गुप्ता ने आपस में साजिश रचकर एक सुनियोजित तरीके से क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी को अंजाम दिया। आरोपी रमेश दत्ता ने उनसे संपर्क कर उन्हें विश्वास दिलाया कि उसके बेटे प्रांशु दत्ता की कंपनी विदेशी स्तर पर काम कर रही है और निवेश करने पर हर महीने आठ से 10 प्रतिशत तक रिटर्न मिलता है। उसने यह भी भरोसा दिलाया कि कंपनी सरकारी तौर पर रजिस्टर्ड है और अनुभवी टीम द्वारा संचालित है। उसने बताया कि शुरूआत में आरोपियों ने पांच छह महीनों तक अच्छा रिटर्न देकर उनका भरोसा जीता, जिससे प्रभावित होकर उसने अपनी जीवन भर की जमा पूंजी, आभूषण बेचकर, बैंक से लोन लेकर, रिश्तेदारों से उधार लेकर और यहां तक कि मकान बेचकर या गिरवी रखकर करोड़ों रुपये नकद में रमेश दत्ता के घर और ऑफिस में जमा करवाए। निवेश के बाद उनसे एक एप्लिकेशन डाउनलोड करवाई गई।

जिसमें उन्हें एक आईडी दी गई ताकि वे अपने निवेश को देख सकें। आरोप है कि यह पूरा सिस्टम निवेशकों को भ्रमित करने के लिए बनाया गया था। इस दौरान आरोपियों ने उनसे चार करोड़ 16 लाख रुपए हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने उन्हें पैसे देने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

पशुओं के लिए चारा लेने गया, झुंड पीछे लगा

# खेत में मधुमक्खियों के काटने से किसान की मौत

- बचाने आया व्यक्ति भी घायल, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

क्षेत्र के गांव पेटवाड़ में खेत में गए किसान पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियां के काटने के कारण वो गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए नारनौंद के नागरिक अस्पताल में लेकर आए जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक किसान के शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया। गांव पेटवाड़ निवासी 50 वर्षीय किसान वेदपाल रविवार सुबह अपने खेत में सिंचाई करने के लिए घर से निकला था। खेत में जाते ही काम करना शुरू किया तो नहर के किनारे खड़े पेड़ों पर लगे मधुमक्खियां के छत्ते से अचानक मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया जिसके कारण वो गंभीर रूप से घायल हो गया। खेत में काम कर रहे पड़ोसी जितेंद्र ने उसको मधुमक्खियों से बचाया तब तक उसकी हालत खराब हो चुकी थी। इसकी सूचना उसके घरवालों को दी। तुरंत ही परिजन खेत में पहुंच गए और उसको गाड़ी में बैठाकर इलाज के लिए नारनौंद के नागरिक अस्पताल में लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक किसान वेदपाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के सामान्य अस्पताल में भेजा ओर उसका पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतक किसान वेदपाल की पत्नी शर्मिला देवी गृहणी है। उसकी दो लड़कियां बड़ी बेटी अनुप्रिया और छोटी मुस्कान, छोटा बेटा हार्दिक है जो पढ़ाई कर रहा है। घर में कमाने वाला कोई नहीं है। पीड़ित परिवार ने सरकार व प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।



वेदपाल (फाइल फोटो)

**पीड़ित परिवार ने आर्थिक सहायता की लगाई गुहार**

---

## जलकुंभी और सीवेज कीचड़ से तैयार होगी तकनीक, 95% तक रंग और 99% तक भारी धातुएं हटाने में सक्षम

### *पानीपत और लुधियाना जैसे टेक्सटाइल हब को राहत की उम्मीद*

# नालों से थाली तक पहुंचा टेक्सटाइल जहर 'बायोचार' बनेगा सफाई का नया हथियार

- प्रदूषण को समाप्त करने का किफायती और स्थायी विकल्प
- रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

औद्योगिक विकास ने जहां आर्थिक उन्नति के द्वार खोले हैं, वहीं पर्यावरण पर इसका दुष्प्रभाव भी सामने आया है। खासतौर पर टेक्सटाइल उद्योग से निकलने वाले रंग (डाई) और रासायनिक अपशिष्ट अब नालों से होते हुए हमारी भोजन की थाली तक पहुंच रहे हैं। यह प्रदूषण जल स्रोतों को जहरीला बनाने के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। पानी में वर्षों तक टिके रहने वाले ये जहरीले रंग जलजीवन को नष्ट करने के साथ कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन रहे हैं। ऐसे में रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में हुआ शोध उम्मीद की किरण बनकर उभरा है, जिसमें जलकुंभी और सीवेज कीचड़ से तैयार 'बायोचार' को प्रभावी समाधान बताया है। यह तकनीक न केवल प्रदूषण को कम करेगी, बल्कि पानीपत-लुधियाना जैसे टेक्सटाइल हब के लिए राहत का रास्ता भी खोल सकती है।



फोटोः एआई

#### एमडीयू ने किया शोध

एमडीयू के पर्यावरण विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी नांदल के मार्गदर्शन में शोधकर्ता खुश कटारिया ने अध्ययन में पाया है कि जलकुंभी और सीवेज कीचड़ से तैयार 'बायोचार' इस समस्या का किफायती और टिकाऊ समाधान बन सकता है।



डॉ. मीनाक्षी नांदल



खुश कटारिया

#### क्या है बायोचार ?

बायोचार एक काला, कार्बन-समृद्ध पदार्थ है, जो जैविक कचरे जैसे जलकुंभी, लकड़ी, फसल अवशेष या सीवेज कीचड़ को ऑक्सीजन की कमी में गर्म करके (पायरोलिसिस प्रक्रिया) बनाया जाता है। यह छिद्रयुक्त (पोरस) संरचना है, जो स्पंज की तरह काम करती है और पानी में मौजूद हानिकारक रसायनों, रंगों और भारी धातुओं को सोख लेती है। इसका उपयोग जल शुद्धिकरण, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और प्रदूषण नियंत्रण में किया जाता है।

#### पानी में वर्षों तक बना रहता है 'जहर'

टेक्सटाइल उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले रंग अत्यधिक स्थिर होते हैं। यही कारण है कि ये पानी में 2 से 13 वर्षों तक बने रह सकते हैं। ये रंग पानी को दूषित करने के साथ सूर्य के प्रकाश को गहराई तक पहुंचने से रोकते हैं, जिससे जलीय जीवन प्रभावित होता है।

#### मानव शरीर पर दुष्प्रभाव

- त्वचा रोग, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याएं।
- किडनी, लिवर को नुकसान।
- ब्लैडर कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा।

#### ऐसे पहुंचते हैं थाली तक

यह प्रदूषण 'जैव-संचयन' (बायो-एकुमुलेशन) प्रक्रिया के जरिए खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाता है। पहले शैवाल इन रसायनों को सोखते हैं, फिर मछलियों में पहुंचते हैं और अंततः इंसानों तक पहुंच जाते हैं। विशेष रूप से 'एजो डाई' जैसे तत्व शरीर में जाकर खतरनाक रसायनों में बदल जाते हैं, जो डीएनए तक को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

#### बायोचार क्यों है गेमचेंजर?

- 93% से 95% तक टेक्सटाइल रंग हटाने में सक्षम।
- 99% तक (क्रोमियम, सीसा, तांबा) साफ।
- जलकुंभी और सीवेज कीचड़ जैसे कचरे से तैयार।
- पारंपरिक तरीकों से सस्ता और ऊर्जा-कुशल विकल्प।
- रसायनों के बिना प्राकृतिक तरीके से जल शुद्धिकरण।
- नदियों, तालाबों और भूजल की गुणवत्ता सुधारता है।
- मिट्टी की उर्वरता बढ़ाता है, पानी धारण क्षमता व पोषक तत्व बढ़ाता है।
- स्वच्छ पेयजल, सुरक्षित भोजन (विषाक्त मुक्त मछली) प्रदान करेगा।
- जलजनित रोगों और कैंसर की घटनाओं को कम करता है।

#### कुछ चुनौतियां भी

- स्केलेबिलिटी : बड़े पैमाने पर औद्योगिक उपयोग में बदलना।
- निगरानी : उपचारित पानी की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी।
- जलकुंभी जैसे गीले कचरे की निरंतर आपूर्ति और प्री-ट्रीटमेंट।
- उपयोग किए गए बायोचार का निपटान या पुनरुद्धार जरूरी।
- ठीक से निपटान नहीं हुआ तो सोखे हुए प्रदूषकों के रिसने का खतरा।
- नियंत्रित वातावरण में पायरोलिसिस नहीं हुआ तो हानिकारक गैसें निकल सकती हैं।

#### यह है तकनीक

- सीवेज स्लेज बायोचार (एसएसबी) : यह अम्लीय परिस्थितियों में उच्च क्षमता के साथ काम करता है ।
- वॉटर हायसिंथ बायोचार (डब्लूएसबी): यह पीएच स्तरों पर तेजी से काम करने की क्षमता रखता है।
- यह सोखने की वैज्ञानिक प्रक्रिया पर काम करती है। छिद्रपूर्ण संरचना के कारण बायोचार रंगों के अणुओं को अंदर सोख लेता है और पानी को साफ करता है।

#### टेक्सटाइल हब के लिए बड़ी राहत

पानीपत और लुधियाना जैसे टेक्सटाइल केंद्रों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) पहले से ही भारी दबाव में हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जलकुंभी से बायोचार बनाना 'सर्कुलर इकोनॉमी' का बेहतरीन उदाहरण हो सकता है। कचरे से संसाधन बनाने के कारण रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

